डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक: COE/232/2024 दिनांक: 24-05-2024

सेवा में,

श्रीमान् मण्डलायुक्त,

आगरा।

महोदय,

अवगत कराना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर के बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम. सम (Even) द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर तथा परास्नातक स्तर एम.ए., एम.कॉम., एम.एस.सी., द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर मई–2024 की परीक्षाऐं दिनांक 28.05.2024 से प्रारम्भ हो रही है। परीक्षा आगरा मण्डल के 4 जनपदों के 29 नोडल केन्द्रों के माध्यम से 277 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित होगी, जिसमें अनुदानित एवं राजकीय महाविद्यालय भी शामिल है। सभी परीक्षा केन्द्र स्वंय के वाहन से उत्तर पुस्तिका, प्रश्नपत्र एवं गोपनीय सामिग्री आदि सम्बन्धित नोडल केन्द्र से प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगें। प्रश्नपत्र के पैकेट प्रत्येक पाली की परीक्षा प्रारम्भ होने से 45 मिनट पूर्व नोडल केन्द्र द्वारा परीक्षा केन्द्र के अधिकृत प्रतिनिधि को सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में उपलब्ध कराया जायेगा। उत्तर पुस्तिका एवं प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए नोडल केन्द्र एवं सम्बद्ध परीक्षा केन्द्र अपने स्तर से पूर्ण सावधानी रखेगें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नोडल परीक्षा केन्द्र/परीक्षा केन्द्र पर आयोजित परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग पर नियंत्रण करने, परीक्षाओं की शुचिता, पवित्रता एवं पारदर्शिता तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। नोडल केन्द्र, परीक्षा केन्द्र की सूची तथा समय सारिणी संलग्न है।

सादर

भवदीय

संलग्नक : यथोक्त।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त नोडल प्रभारी, सम्बद्ध डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/परीक्षा केन्द्राध्यक्ष सम्बद्ध समस्त नोडल प्रभारी, सम्बद्ध डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
3. उपकुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/प्रशासन।
4. प्रभारी, कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
6. अधिकृत एजेन्सी 2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को नोडल केन्द्रों एवं उससे सम्बद्ध परीक्षा केन्द्रों की लॉगइन में अपलोड करने का कष्ट करें ।
7. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक